भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*307

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

वेल्लोर में सांस्कृतिक और कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देना

†*307. श्री डी. एम. कथीर आनंद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु के गुडियाथम में गंगयाम्मन महोत्सव, वेल्लोर शहर में पुष्पा पल्लक्कू महोत्सव और वेल्लोर जिले के अरिवुथोट्टम कृषि-पर्यटन केन्द्र की पर्यटन क्षमता का आकलन किया है जिसमें जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण के रूप में फूलों के बगीचे, सब्जियों की क्यारियां, हर्बल उद्यान, फलों के बगीचे, पान के पत्तों की खेती के शेड और एक कुक्कुट फार्म शामिल हैं;

(ख) सरकार द्वारा पर्यटन परिपथों, प्रचार अभियानों और स्थल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उक्त आकर्षक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा उक्त आकर्षक स्थलों से संबंधित पर्यटन अवसंरचना, पर्यटकों हेतु सुविधाओं और संवर्धनात्मक कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है अथवा स्वीकृत किए जाने का विचार है;

(घ) अरिवुथोट्टम के माध्यम से संधारणीय और रसायन-मुक्त खेती को बढ़ावा देते हुए विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों, किसानों और आम जनता के आगमन को प्रोत्साहित करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त आकर्षक स्थलों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन गंतव्य स्थलों के रूप में प्रस्तुत करने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा वेल्लोर में सांस्कृतिक और कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*307 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ङ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं के तहत संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से पात्र प्रस्तावों की प्राप्ति, योजना दिशानिर्देशों, निधियों की उपलब्धता, मेलों, महोत्सवों और पर्यटन-संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन तथा पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान कर इन प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश में विविध पर्यटन स्थलों और अनुभवों को बढ़ावा देता है। पर्यटन प्रदर्शनियों में भागीदारी, रोडशो और परिचयात्मक (एफएएम) दौरों का आयोजन, इन्फ्लुएंसर कार्यक्रमों, पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों का समर्थन और आयोजन तथा डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम के जरिए इसे बढ़ावा दिया जाता है।

मंत्रालय को तमिलनाडु सरकार से गुडियाथम में गंगयाम्मन महोत्सव, वेल्लोर शहर में पुष्पा पल्लक्कू महोत्सव या अरिवुथोट्टम कृषि-पर्यटन केंद्र, वेल्लोर के लिए वित्तीय सहायता की मांग करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु सरकार ने सूचित किया है कि कोई विशिष्ट पर्यटन परिपथ विकसित नहीं किया गया है और न ही विशेष रूप से इन कार्यक्रमों के लिए कोई अलग वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा अपनी विभिन्न पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में मेलों, महोत्सवों और पर्यटन-संबंधी आयोजनों तथा अवसंरचना परियोजनाओं के आयोजन के लिए स्वीकृत वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा वेल्लोर में सांस्कृतिक और कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*307 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

क. आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत तमिलनाडु राज्य सरकार के लिए स्वीकृत मेलों और महोत्सवों की सूची:

(लाख रु. में)

वर्ष	**मेलों और महोत्सवों का नाम**	**स्वीकृत राशि**
2015-16	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	8.00
2016-17	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2017-18	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2018-19	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2019-20	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
	कुमारी महोत्सव	10.00
	पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	15.00
2021-22	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2022-23	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2023-24	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00
2024-25	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	50.00
	मार्गज़ी संगीत महोत्सव-चेन्नै	10.00
	मदुरै पोंगल महोत्सव	20.00
2025-26	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00

ख. तमिलनाडु राज्य में विभिन्न पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का सार:

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
क	**स्वदेश दर्शन 1.0**	
i.	चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी का विकास (दिसंबर, 2015)	73.13
	कुल स्वीकृत राशि	**73.13**

ख	**स्वदेश दर्शन 2.0**	
i.	शोर मंदिर में गहन अनुभव (मार्च, 2024 -मई, 2025 में संशोधित)	30.02
	कुल स्वीकृत राशि	**30.02**
ग	**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)**	
i.	आध्यात्मिक के तहत रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन (मार्च, 2025)	20.01
	कुल स्वीकृत राशि	**20.01**
घ	**प्रशाद**	
i.	कांचीपुरम का विकास (अगस्त, 2020)	13.99
ii.	वेलंकन्नी का विकास (मई, 2020)	4.86
iii.	8 नवगृह मंदिर का विकास (मार्च, 2025)	40.94
	कुल स्वीकृत राशि	**59.79**
ङ	**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)**	
i.	नंदवनम विरासत पार्क (नवम्बर, 2024)	99.67
ii.	ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क (नवम्बर, 2024 दिसम्बर, 2025 में संशोधित स्वीकृति)	70.23
	कुल स्वीकृत राशि	**169.9**
च	**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)**	
i.	चेन्नई पोर्ट में मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र (सितम्बर, 2012)	17.24
ii.	गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रकाश व्यवस्था और संबद्ध कार्य (मार्च, 2025)	11.47
iii.	रामेश्वरम रेलवे स्टेशन (मार्च, 2018)	4.70
iv.	मदुरै रेलवे स्टेशन (जून, 2018)	4.48
	कुल स्वीकृत राशि	**37.89**
	कुल केंद्रीय सहायता	**390.74**

*****